

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**
निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा कभी अहंकार पैदा नहीं करती और यही कर्मयोग है।

वर्ष - 16, अंक - 52 | चैत्र शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 03 से 09 अप्रैल 2026 | पृष्ठ - 8, रू. 3:00


# भारत को मिली तीसरी परमाणु सबमरीन:अरिहंत और अरिघात के बाद आईएनएस अरिदमन नौसेना में शामिल, परमाणु शक्ति बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय नौसेना में शुक्रवार को तीसरी परमाणु सबमरीन आईएनएस अरिदमन कमीशन की गई। इससे पहले आईएनएस अरिहंत (2016) और आईएनएस अरिघात (अगस्त 2024) को नौसेना में शामिल किया जा चुका है। अरिदमन को कई महीनों के ट्रायल के बाद केरल स्थित नौसैनिक अड्डे पर नौसेना को सौंपा गया।





आईएनएस अरिदमन को विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर (SBC) में तैयार किया गया है। इससे न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। यह देश के गोपनीय न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन कार्यक्रम SSBN का हिस्सा है। इस कैटेगरी की सबमरीन परमाणु हथियार ले जाने और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रहने में सक्षम होती हैं।


मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल के नौसैनिक अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। हालांकि इस संबंध में नौसेना या रक्षा मंत्रालय की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान नहीं आया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है-अरिदमन। इसके बाद इसके नौसेना में शामिल होने की जानकारी सामने आई।

### न्यूक्लियर ट्रायड को मिली मजबूती

आईएनएस अरिदमन के शामिल होने से भारत की न्यूक्लियर ट्रायड क्षमता और मजबूत हुई है। न्यूक्लियर ट्रायड का मतलब जमीन, समुद्र और हवा, तीनों माध्यमों से परमाणु हमला करने की क्षमता है। 2016 में आईएनएस अरिहंत के शामिल होते ही भारत उन देशों की लिस्ट में शामिल हो गया, जो जमीन, हवा और समुद्र तीनों तरफ से परमाणु हमला कर सकते हैं। इस लिस्ट में अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन भी शामिल हैं।

आईएनएस अरिदमन के शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत और बढ़ गई है।



## आईएनएस तारागिरी नेवी में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आईएनएस तारागिरी शुक्रवार को विशाखापत्तनम में इंडियन नेवी में शामिल हुआ। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह इस सेरेमनी में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह रेस्क्यू ऑपरेशन हो या मानवीय सहायता देना हो। हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है। आईएनएस तारागिरी की कमीशनिंग से हमारी नेवी की ताकत और बढ़ेगी।

तारागिरी को मझगांव डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड ने प्रोजेक्ट 17-ए के तहत तैयार किया है। वॉरशिप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, एमएफस्टार(रडार), मीडियम रेंज सर्फेस टु एयर मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम लगा हुआ है।

इसके अलावा यह 76 मिमी गन, 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन वेपन सिस्टम के साथ एंटी सबमरीन रॉकेट और टॉरपीडो से भी लैस है। वहीं भारत की स्वदेशी न्यूक्लियर सबमरीन 'अरिदमन' को भी नेवी में शामिल किया गया।

## मोतिहारी में जहरीली शराब से 5 की मौत:6 की आंख की रोशनी गई

**मोतिहारी, एजेंसी।**

बिहार में एकबार फिर जहरीली शराब से मौत हुई है। मोतिहारी में 5 लोगों की जान चली गई, जबकि 15 की हालत गंभीर है। इनमें से 6 की आंखों की रोशनी चली गई है। सभी का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। बीमार लोगों में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है। मामला रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुआ और अब आसपास के इलाकों में फैल गया है। रघुनाथपुर थाना के बालगंगा के संपत साह ने दोपहर 1 बजे मुजफ्फरपुर के SKMCH में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले सुबह परीक्षण मांझी (46), और हीरालाल भगत की मौत हो गई। जबकि पहली मौत कल सुबह और दूसरी कल गुरुवार रात को हुई। शराबकांड पर एसपी ने कार्रवाई की है। तुरकौलिया SHO उमाशंकर मांझी को सस्पेंड किया गया है, जबकि चौकीदार भरत राय को गिरफ्तार कर लिया है।

## पाकिस्तान में डीजल 184 महंगा होकर 520, पेट्रोल 137 बढ़कर 458 रुपया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**

पाकिस्तान में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हो गया है। एक लीटर पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) के पार पहुंच गया है। सरकार ने पेट्रोल में 43% और हाई-स्पीड डीजल (HSD) के दाम में 55% का इजाफा किया है।

यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद लिया गया है। नई दरें गुरुवार आधी रात से लागू हो गई हैं।

पाकिस्तान में पेट्रोल 137.23 बढ़कर 458.41 और डीजल 184.49 बढ़कर 520.35 रुपया प्रति लीटर पर पहुंच गया। केरोसिन के दाम भी 34.08 रुपया बढ़कर 457.80 रुपया प्रति लीटर कर दिए हैं। पिछले महीने पेट्रोल-डीजल 55 रुपया महंगा हुआ था। तब पेट्रोल 321.17 और डीजल 335.86 रुपया था। पाकिस्तान के 1 रुपया की वैल्यू भारत के 33 पैसे बराबर होती है। यानी भारत के 100 रुपए की वैल्यू पाकिस्तान में करीब 300 रुपया के बराबर है।

# सीमा हैदर ने बेटे का नाम 'भारत' रखा

## सिर पर लोटा रखकर कुआं पूजन किया, बोलीं- हिंदू होने पर गर्व

**नोएडा, एजेंसी।**

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने अपने बेटे का नाम 'भारत' रखा है। गुरुवार को नोएडा के रबूपुरा स्थित घर पर बेटे का नामकरण हुआ। नामकरण संस्कार के पहले सीमा ने जागरण कराया। इसके बाद कुंआ पूजन किया। डीजे की धुन पर नाचती-गाती मोहल्ले की महिलाएं पूजा के लिए निकलीं। घर पर भी संगीत समारोह का आयोजन किया गया।

सीमा हैदर ने बताया-मेरे बेटे का नामकरण था। घर में जागरण भी कराया। हिंदू धर्म में जब घर में बेटा होता है तो नामकरण किया जाता है। बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। बहुत खुशी का पल है। यह दूसरा कुआं पूजन है, इससे पहले जब मीरा हुई थी, तब कराया था। हिंदू धर्म बहुत खूबसूरत है। उन्हें हिंदू होने पर गर्व है।



सीमा हैदर ने कहा- मैं क्रिकेट मैच में भारत को सपोर्ट करती हूं। भारत जब मैच जीतता है तो मुझे खुशी होती है। मैच के दौरान भगवान से प्रार्थना करती हूं कि भारत की ही जीत हो। भारत के लोग बहुत ही अच्छे है। वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। हर कास्ट के लोग रबूपुरा में रहते हैं। मुझे प्यार करते हैं, सम्मान देते हैं। मुझे अपनी बहू मानते हैं।

दरअसल, गुरुवार को सीमा हैदर के छठवें बच्चे का नामकरण संस्कार हुआ। उन्होंने 18 फरवरी 2026 को नोएडा के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। इससे पहले एक बेटी को भी जन्म दिया था। सीमा के पाकिस्तानी पूर्व पति से चार बच्चे है। जबकि भारतीय पति सचिन मीणा से 2 बच्चे हैं। सीमा, पाकिस्तान छोड़कर चार साल पहले अपने प्रेमी सचिन के पास आ गई थी।

# केंद्र सरकार ने NCERT को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया

**खुद एंट्रेंस लेने, कोर्स और सिलेबस डिजाइन करने, डिग्री देने की छूट मिली**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (NCERT) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा दिया। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) की सलाह पर शिक्षा मंत्रालय ने 30 जनवरी को नोटिफिकेशन जारी कर इसकी घोषणा की।

इस घोषणा के साथ ही NCERT के पांच रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन और भोपाल में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन डीम्ड यूनिवर्सिटी बन गए हैं।

ये यूनिट्स है-

रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर, राजस्थान।

रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश।

रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, भुवनेश्वर, ओडिशा।

रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, मानसगंगोत्री, मैसूर, कर्नाटक।

नॉर्थ ईस्ट रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, शिलांग, मेघालय।

पंडित सुंदरलाल शर्मा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन, भोपाल, मध्य प्रदेश।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, UGC की सलाह पर, नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग को एक अलग श्रेणी के तहत 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' (मानित विश्वविद्यालय) घोषित करता है एक अधिसूचना में, मंत्रालय कहता है, 'UGC पोर्टल पर नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल अनुसंधान और प्रशिक्षण... pic.twitter.com/2Ar89jpYb0— ANI_HindiNews (@AHindinews) April 3, 2026

**'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का क्या मतलब है**

NCERT को यह दर्जा मिलने का मतलब है कि NCERT अब सिर्फ स्कूल कोर्स डिजाइन करने तक सीमित नहीं है। NCERT अब अपने नए एकेडमिक प्रोग्राम्स के साथ ही डॉक्टरेट और नए डिग्री कोर्सेज भी लॉन्च कर सकता है।

यूनिवर्सिटीज के अलावा हायर एजुकेशन के स्पेशलाइज्ड इंस्टीट्यूट्स को केंद्र सरकार UGC की सलाह पर 'डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी' का दर्जा देती है।

खुद का अलग एडमिशन प्रोसेस तय कर सकती है।

खुद का सिलेबस तय कर सकती है।

खुद एग्जाम कंडक्ट करवा सकती है।

खुद स्टूडेंट्स को डिग्री दे सकती है।

**स्कूल करिकुलम तैयार करने के लिए बनी NCERT**

NCERT एक ऑटोनोमस बॉडी है, जिसे 1 सितंबर 1961 को भारत सरकार ने सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट्स को एकेडमिक और स्कूल से जुड़े मुद्दों पर सलाह देने और गाइड करने के लिए बनाया है। NCERT डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने से पहले तक भारत में सर्वोच्च शैक्षणिक निकाय के रूप में काम करती थी। इसके मुख्य काम हैं-

स्कूलों के लिए नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार करना।

क्लास 1 से 12वीं तक के बच्चों के लिए क्वालिटी टेक्स्ट बुक्स तैयार करना।

टीचर्स को ट्रेन करना।

स्कूल एजुकेशन से जुड़ी रिसर्च कंडक्ट और प्रमोट करना।

ई-पाठशाला और दीक्षा ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स के लिए ऑनलाइन रिसोर्स तैयार करना।

नोटिफिकेशन के मुताबिक, UGC पोर्टल पर NCERT को एक स्पेशल केटेगरी के तहत 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा देने के लिए एक ऑनलाइन आवेदन अपलोड किया गया था। ये आवेदन UGC एक्ट, 1956 के सेक्शन 3 के तहत NCERT के 6 इंस्टीट्यूशंस को इसमें शामिल किया गया था।

## बैंककर्मी दोस्त ने वकील से 3 करोड़ ठगे

**बिलासपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कैंसर अस्पताल और लॉ कॉलेज खोलने के नाम पर वकील से करीब 3 करोड़ रुपए की ठगी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पीड़ित को स्कॉटलैंड से 103 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट भेजने की झांसा दिया।

इस रकम को क्लियर कराने के नाम पर अलग-अलग प्रोसेसिंग फीस और टैक्स के बहाने 3 करोड़ रुपए वसूल लिए गए। काफी समय तक डिमांड ड्राफ्ट क्लियर नहीं होने पर पीड़ित को संदेह हुआ। जांच करने पर खुद के साथ ठगी होने का एहसास हुआ।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पीड़ित के बैंक कर्मी दोस्त पर ठगी के आरोप लगाए थे, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित वकील का नाम अरुण मिश्रा है। आरोपी HDFC बैंक में काम करता था। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है।

आरोपी नवीन जुन (34), सोनीपत (हरियाणा) का रहने वाला है, जो वर्तमान में बिलासपुर में रह रहा था। उसके कब्जे से थार और वेन्यू कार, मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप जब्त किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता भी हो सकती है, जिसकी जांच जारी है।

## बाइचुंग भूटिया बोले-भारत को स्पोर्टिंग नेशन बनाना,हर घर की जिम्मेदारी

**खेलो-इंडिया ट्राइबल गेम्स के समापन समारोह में हुए शामिल, ट्रोलिंग पर मैरीकॉम बोलीं-मुझे फर्क नहीं पड़ता**

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का समापन समारोह 3 अप्रैल को राजधानी रायपुर में हुआ। समारोह में पूर्व भारतीय फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया ने भारत में खेलों को बढ़ावा देने को लेकर मीडिया से बातचीत की।



बाइचुंग भूटिया ने कहा कि भारत को स्पोर्ट्स में आगे बढ़ाना सिर्फ सरकार का काम नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। भूटिया ने बताया कि भारत में लोग क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम आसानी से बता सकते हैं, लेकिन फुटबॉल खिलाड़ियों के नाम बहुत कम जानते हैं। जबकि नेपाल और भूटान जैसे देशों में लोग वर्ल्ड के सैकड़ों फुटबॉल खिलाड़ियों के नाम बता सकते हैं, लेकिन वे क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम नहीं जानते। इसका मतलब है कि बच्चों को शुरुआती दौर से ही खेलों का एक्सपोजर देना जरूरी है।

**मैरी कॉम बोलीं- मुझे कोई परवाह नहीं-** कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में अपने निजी जीवन को लेकर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मैरी कॉम ट्रोल हुई थीं। उन्होंने कहा मुझे कोई परवाह नहीं।

## लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, पिकअप वाहन जब्त

**बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**



वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर रोक लगाने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। प्रबंध संचालक के निर्देश पर सभी परियोजना मंडलों में नियमित गश्त और निगरानी की जा रही है, जिससे वन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो रही है। इसी क्रम में कोटा परियोजना मंडल, बिलासपुर की टीम ने गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भैंसाझार परिक्षेत्र के बछाली बीट में ग्राम नवापारा और उमरमरा के बीच सड़क मार्ग पर एक पिकअप वाहन को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में साल प्रजाति की 27 नग लकड़ी (चिरान/चौखट) अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिलो प्लस पिकअप वाहन (क्रमांक CG-10BL-4663) को जब्त कर लिया। इस मामले में वाहन चालक रघुवीर कश्यप के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41(2) (ख) और धारा 52 के तहत वन अपराध दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिलासपुर और मंडल प्रबंधक कोटा के मार्गदर्शन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक क्षेत्रपाल, क्षेत्ररक्षक एवं अन्य वन कर्मचारी शामिल रहे। वन विकास निगम के प्रबंध संचालक प्रेम कुमार ने इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए टीम को बधाई दी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इसी तरह सतर्क रहकर वन सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**अयोध्या में बुर्का पहनकर लूटने वाली महिला हिंदू निकली-** अयोध्या में ज्वेलरी शॉप में बुर्का पहनकर लूट करने वाली महिला हिंदू निकली। बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर उसने वारदात की थी। पुलिस ने गुरुवार देर रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का नाम पायल (25) और लड़के का नाम राहुल (27) है।

## ईरान का बड़ा दावा: मार गिराया अमेरिकी फाइटर जेट F-15

**तेल अवीव/वाशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल और गहरे हो गए हैं। ईरान ने दावा किया है कि उसने अपनी सीमा के पास अमेरिकी वायुसेना के एक अत्याधुनिक फाइटर जेट को मार गिराया है। इतना ही नहीं, ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम का कहना है कि विमान के पायलट को ईरानी सैनिकों ने जिंदा पकड़ लिया है और वह अब उनकी हिरासत में है। ईरान ने शुरुआत में दावा किया था कि उसने अमेरिका के सबसे घातक स्टील्थ फाइटर जेट F-35 को मार गिराया है।

### ट्रम्प बोले- थोड़ा और समय मिले तो होर्मुज खोल दूंगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा है कि अगर उन्हें थोड़ा और समय मिल जाए, तो अमेरिका आसानी से होर्मुज स्ट्रेट को खोल सकता है। इसके बाद तेल पर कब्जा करके अकूत दौलत कमा सकते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा-उनका देश अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमले जारी रखेगा।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन जनजातीय प्रतिभाओं के लिए ऐतिहासिक और यादगार मंच - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 दिनों में छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर जो जोश और ऊर्जा देखने को मिली, उसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की आदिवासी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने और उनकी खेल क्षमता को सामने लाने का अनूठा अवसर साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विजन और मार्गदर्शन के कारण छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ। साथ ही केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ आज देश के खेल मानचित्र में प्रमुख स्थान पर स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि अब यह गेम्स प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जाएंगे, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजातीय समाज और खेल का रिश्ता सदियों पुराना है। तीरंदाजी, दौड़ और कुश्ती जैसे खेल जनजातीय जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उन्होंने स्वयं के जनजातीय पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समाज में अपार ऊर्जा और प्रतिभा निहित है, जिसे सही मंच मिलने पर देश-विदेश में पहचान मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश की एकता, संस्कृति और कौशल का महाकुंभ बनकर उभरा है। देशभर के 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय खिलाड़ियों ने इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने और खेलों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कर्नाटक, द्वितीय स्थान ओडिशा और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले झारखंड के खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने कुल 19 पदक (03 स्वर्ण, 10 रजत और 06 कांस्य) हासिल किए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि स्विमिंग में अनुष्का भगत ने 4 रजत पदक जीते, निखिल खलखो और न्यासा पैकरा ने भी पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया। एथलेटिक्स में सिद्धार्थ नागेश ने स्वर्ण और रजत पदक जीते, वहीं अन्य खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वेटलिफ्टिंग में निकिता ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश की बेटियों का मान बढ़ाया। बालिका वर्ग फुटबॉल टीम ने स्वर्ण और बालक वर्ग हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम और फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए।

# मातनहेलिया परिवार ने बताती बगीचा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव, विशाल भंडारे में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में किया भोग-प्रसाद ग्रहण





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा-कोरकोमा-करतला मार्ग पर स्थित ग्राम बताती में स्वर्गीय छोटेलाल समृति बगीचा है। इस सुरम्य बगीचा में रामभक्त हनुमान के दिव्य मंदिर में मातनहेलिया परिवार द्वारा हनुमान जयंती मनाई गई और विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के साथ हनुमान चालीसा का पाठ भी भक्तों ने किया। क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक सुआ एवं अन्य आदिवासी नृत्य कर आध्यात्मिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और हनुमान जन्मोत्सव में उपस्थित भक्तों का सात्विक मनोरंजन भी किया।

सभी धार्मिक अनुष्ठान और मातनहेलिया परिवार द्वारा हनुमान पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं आमजनों ने भंडारे में भोग-प्रसाद ग्रहण किया। मातनहेलिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं भाजपा नेता राजबीर प्रसाद अग्रवाल, पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, भगवानदास अग्रवाल एवं परिवार ने यहां उपस्थित समस्त जनों का अभिनंदन किया और हनुमान जन्मोत्सव को दिव्य उत्सव बनाने के लिए आभार जताया।

# गेवराबस्ती चौक हनुमान मंदिर में मनाया गया जन्मोत्सव, पूर्वमंत्री अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगों ने किया भोग-प्रसाद ग्रहण

**कोरबा/कुसमुण्डा ( दिव्य आकाश )।**





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमंत कृपा से गेवरा बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में जिला पंचायत कोरबा के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल एवं रीना जायसवाल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया, जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं एवं नगर पालिका निगम कोरबा के पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, हनुमान भक्त एवं आसपास के ग्रामवासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ, तत्पश्चात महाआरती की गई एवं विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में हनुमान भक्त पहुंच कर भोग प्रसाद ग्रहण किया। पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल ने हनुमान की पूजा-अर्चना कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। अजय जायसवाल ने हनुमान जन्मोत्सव में पधारे समस्तजनों का अभिवादन किया और कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार जताया।

## स्कॉर्पियो-ट्रेलर की भिड़ंत में 1 की मौत

**कोरबा।** गुरुवार रात उरगा थाना क्षेत्र के तरदा भारतमाला मार्ग पर एक स्कॉर्पियो और ट्रेलर में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान 27 वर्षीय अरुण कुमार यादव के रूप में हुई है, जो झारखंड के गढ़वा जिले के सुनई गांव का निवासी था।



## कुंआभट्ठा राजवाड़े भवन के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** कुंआभट्ठा स्थित राजवाड़े कुर्मी के सामाजिक भवन परिसर में स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में समाज के प्रबुद्धजनों ने हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया और सुंदरकांड का पाठ किया। राजवाड़े कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कृपासिंधु राजवाड़े के नेतृत्व में भंडारे का भी आयोजन किया गया और सभी सदस्यों ने हनुमान पूजन के बाद भोग-भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर तृप्त हुए।

## छत्तीसगढ़ के 4 आईपीएस ट्रेनिंग के लिए जाएंगे हैदराबाद:डीजीपी ने चार जिलों में प्रभारी एसपी किए नियुक्त, मनीषा ठाकुर संभालेंगी रायपुर की कमान

**रायपुर, एजेंसी।**



छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम ने 4 जिलों में प्रभारी एसपी की नियुक्ति की है। इन जिलों के एसपी के इंडक्शन ट्रेनिंग पर जाने के कारण यह व्यवस्था की गई है। प्रभारी एसपी की नियुक्ति का आदेश पुलिस मुख्यालय से जारी किया गया है।

पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ कैडर के 4 आईपीएस अधिकारी श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, पंकज चंद्रा, वेदव्रत सिरमौर और विजय पांडेय को इंडक्शन ट्रेनिंग के लिए चुना गया है।

आईपीएस श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा रायपुर ग्रामीण में, विजय पांडेय जांजगीर-चांपा, पंकज चंद्रा कोंडागांव, वेदव्रत सिरमौर गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक हैं। यह उच्च स्तरीय प्रशिक्षण हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी में आयोजित किया जाएगा।

रायपुर ग्रामीण की जिम्मेदारी मनीषा ठाकुर रावटे को सौंपी गई है। जांजगीर-चांपा का प्रभार विमल कुमार बैस को दिया गया है। कोंडागांव की जिम्मेदारी प्रभारी कप्तान त्रिलोक बंसल को सौंपी गई है। गरियाबंद में प्रभारी एसपी के रूप में नीरज चंद्राकर को जिम्मेदारी दी गई है।

### ट्रेनिंग अवधि तक रहेगा प्रभार

इन एसपी रैंक के अधिकारियों के नेतृत्व में अब संबंधित जिलों का कानून-व्यवस्था संचालन किया जाएगा। डीजीपी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक मूल अधिकारी ट्रेनिंग से वापस नहीं लौटते, तब तक ये चारों अधिकारी अपने-अपने जिलों में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। आईपीएस अधिकारियों की इंडक्शन ट्रेनिंग हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आयोजित की जाती है। इस प्रशिक्षण के लिए देशभर से आईपीएस अधिकारियों का चयन किया जाता है।


युवक की आवश्यकता है
(रिसेप्शनिष्ट)
संपर्क करें -
Snookyard Café
प्रथम मंजिल, अंकिता कॉम्पलेक्स
सुभाष चौक, निहारिका, कोरबा
मो.: 79997-72254
वेतन आकर्षक

LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?
एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं
नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।
सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)
कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र
प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

।। श्री गणेशम्बिकाभ्याम नमः ।। श्री धनवन्तरये नमः ।।
आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श केन्द्र
गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो आदि।


Dr. Yugesh Sharma
M.D. (N.M.) Regn. 51049/16
सीएसईबी चौक | स्टेडियम रोड | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | मुड़ापार रोड
पतंजलि | श्रीश्री आयुर्वेदा | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल मेडिकल स्टोर
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

सर्व मंगले मांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।।
सर्वेषां भक्तानाम्, सहकारिणां आभारः
च शुभकामनाम् ... कृतार्थोस्मिः
हे माँ ! आपके उपहारों एवं आशीर्वाद से हमारा कोरबा, छत्तीसगढ़ समृद्ध और खुशहाल हो।


सादर आभार

आदि शक्तिजगत जननी - माता रानी की कृपा से वासंती नवरात्रि 19 मार्च 2026 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083 से चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी 27 मार्च 2026 विक्रम संवत् 2083 तक निर्विघ्न 9 दिनों तक विधि विधान एवं हवन पूजन के साथ संपन्न हुई। वासंती नवरात्र के निर्विघ्न संपन्न कराने में सभी भक्तों, श्रद्धालुओं, पुलिस, जिला प्रशासन एवं व्यवस्था में लगे सभी सेवारत लोगों का ह्रदय से आभारी हूं, जिनके सहयोग से यह महायज्ञ (वासंती नवरात्र) शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।
मैं सभी श्रद्धालुओं, भक्तों, सेवादारों सहित छत्तीसगढ़ एवं विश्व कल्याण की भावना रखने वाले विद्वत आचार्यों का भी ह्रदय से आभारी हूं, जिनके मंत्रोच्चार, हवन-पूजन से प्रकृति में सत्व की ऊर्जा चहुंओर फैली और पर्यावरण की रक्षा में हमने अपनी छोटी सी भूमिका निभाई।
मैं सभी के सुख समृद्धि एवं सुस्वास्थ्य शुभ - मंगल कामना करता हूं और माता रानी से कामना करता हूं कि विश्व में सभी का कल्याण हो और प्रकृति में शांति बनाए रखें। अहिंसा और अधर्म का नाश करें तथा सभी को सद्बुद्धि देते हुए समाज में सत्व का प्रकाश फैलाएं।
शक्तिस्वरूपा माँ समाज का कल्याण करे और यत्र नारी पूज्यंते... तत्र रमंते देवताः की भावना के साथ समाज में नारी शक्तिका सम्मान बढ़े। इस पवित्र भावना के साथ वासंती नवरात्रि पर विराम लगा और 9 दिवसीय यह पवित्र पर्व संपन्न हुआ। एक बार पुनः सभी का ह्रदय से आभार... मनुष्य के जीवन में कर्म पर धर्म का जब प्रभाव होता है तो वह परोपकारी बन जाता है, इसलिए कहा भी गया है... आस्था है तो रास्ता है...।

नमः सामूहिक विवाह में सभी नव दम्पत्तियों को शुभाशीष एवं आयोजन समिति, प्रशासन एवं अतिथियों का ह्रदय से आभार...
राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय ( नन्हा ) प्रबंधक एवं व्यवस्थापक
श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा
Divya Akash

200 एकड़ में 01 लाख से अधिक लोगों की मौजूदगी में श्री हनुमंत कथा एवं नमः सामूहिक विवाह : एतिहासिक, अद्भूत, अविस्मरणीय

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

चैत्र शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत् 2083, कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 03 से 09 अप्रैल 2026

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्री मुख से दिव्य मंत्रोच्चार से 108 दिव्यांग/निर्धन कन्याएं बंधी परिणय सूत्र में



**सुविचार**

सौभाग्यवतीभव
चिरं सौम्येन दम्पत्येन
जीवनं आनंदपूर्णं भवतु।
– नन्हा महराज



फोटो - राजू ठाकुर, संदीप शर्मा

# नमः सामूहिक विवाह 108 कन्याओं का दाम्पत्य जीवन में प्रवेश

## अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक दिव्य और प्रखरवक्ता पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का मिला सानिध्य, छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका सहित 01 लाख हाथों का मिला सुखद दाम्पत्य जीवन का शुभाशीष

**माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा प्रबंधन की मानवीय पहल और सेवा का अद्भूत मिशाल साबित हुआ नमः सामूहिक विवाह**

**108 दिव्यांग /निर्धन सौभाग्यकांक्षियों को मिला उनका प्रिय वर, सुखद जीवन के लिए मिला अनंत शुभाशीष**

**माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक / राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने कहा - हम निमित्त मात्र, सब कृपा माता रानी की**



कोरबा / ढपढप (दिव्य आकाश)।

अपना आश्रम सेवा समिति के आयोजकत्व में माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा प्रबंधन की पहल पर 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याएं ढपढप की पावन धरती में परिणय सूत्र में आबद्ध हुए। नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जहां सानिध्य मिला, वहीं छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका सहित लाखों हाथों का शुभ आशीर्वाद मिला। माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक, पुजारी एवं राजपुरोहित पंडित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने शुभता का संदेश दिया और कहा कि नवयुगल नवदाम्पत्य जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन को प्राप्त करें। श्री पाण्डेय ने कहा कि मातारानी के आशीर्वाद से हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि हम इतना विशाल और भव्यता के साथ यह नेक कार्य कर सके।



### राज्यपाल रमेन डेका ने नवयुगलों को दिया शुभ आशीर्वाद, 05-05 हजार देने की घोषणा

प्रोटोकाल के तहत छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ठीक 11.00 बजे परिणय स्थल ढपढप पहुंचे और नवयुगलों को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से सभी नवदम्पत्तियों को 05-05 हजार देने की घोषणा की।



### पंडित धीरेंद्र शास्त्री की दिव्य वाणी से गूंजता रहा मंत्रोच्चाार

ढपढप की पावन धरती में जब 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याएं शादी के जोड़े में सजधज कर कथा स्थल/विवाह स्थल पहुंचे तो हजारों लोग जहां कन्यादान के लिए घराती बने, वहीं दुल्हों की ओर से भी बाराती के रूप में हजारों लोग शामिल हुए और जब सौभाग्यकांक्षी, चिरंजीवियों का मिलन हुआ, तो चारों तरफ से सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन का आशीर्वाद के लिए पुष्पवर्षा हुई और जब युगल सात फेरे ले रहे थे, तो हनुमंत भक्त पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से दिव्य मंत्रोच्चार चारों तरफ गूंजने लगा। घराती-बाराती इस दिव्य नमः सामूहिक विवाह से उल्लास और उमंग के साथ नाचने, गाने लगे। इस दिव्य दृश्य को देखकर हर कोई रोमांचित हो रहा था। दिव्यांगों और निर्धनों के इस अनुपम परिणय उत्सव को देखकर ऐसा लग रहा था, मानो प्रकृति ने भी अपनी सारी खुशी इन नवयुगलों के जीवन में उड़ेल दिया हो और इन्हें आशीर्वाद दे रही हो। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में यह जीवन का उत्सव सम्पन्न हुआ और उनका शुभ आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।



### शुभता का संदेशः नवयुगलों का जीवन सुख-समृद्ध एवं खुशहाल बने-नमन पाण्डेय

इस दिव्य आयोजन की सफलता के लिए आयोजन समिति और कोरबा वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नमन पाण्डेय ने दिव्यांग/निर्धन 108 कन्याओं के नवजीवन में प्रवेश करने पर शुभता का संदेश दिया और कहा कि मातारानी नवदम्पत्तियों के जीवन में खुशहाली एवं समृद्धि लाए और उनके जीवन को वैभवशाली बनाए।



नमः सामूहिक विवाह के सूत्रधार नमन पाण्डेय ने नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले नव युगलों को शुभाशीष दिया। उन्होंने इस एतिहासिक मानव सेवा कार्यों एवं सनातन धर्म के संवाहक धीरेन्द्र शास्त्री का कार्यक्रम आयोजन के लिए अपना आश्रम सेवा समिति सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं उपस्थित लाखों जनता का आभार जताया।

### आयोजन समिति ने उपहार देकर नवदम्पत्तियों को विदा किया

आयोजन समिति दिव्यांगों एवं निर्धन कन्याओं का अभिभावक के रूप में शादी का खर्चा उठाया और नवयुगलों को उपहार दिया। आयोजन समिति ने 108 निर्धन/दिव्यांग कन्याओं को नवदाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।



### लाखों हाथों ने दिया शुभ आशीर्वाद

कोरबा में पहली बार दिव्यता, भव्यता और इतना बड़ा विशाल जनसमूह ढपढप की पावन धरती पर दिखा। एक तरफ 05 दिवसीय दिव्य श्रीहनुमंत कथा सम्पन्न हो रही थी, दूसरी तरफ 108 निर्धन एवं दिव्यांग कन्याओं का घर बस रहा था। करीब 01.00 लाख लोग यहां मौजूद थे। लाखों हाथों ने इन दिव्य एवं गरीब कन्याओं को पूरे मन से अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया और खुशहाल, समृद्ध जीवन के लिए प्रभु से कामना की।



एक पेड़ माँ के नाम
राज्यपाल ने किया पौधरोपण



**सौजन्य भेंट-** धीरेन्द्र शास्त्री ने राज्यपाल को हनुमंत की अनुपम मूर्ति भेंट की।



पं. धीरेन्द्र शास्त्री के साथ कार्यक्रम के संरक्षक जुड़ावन सिंह ठाकुर, संयोजक अमरजीत सिंह, सचिव डॉ. पवन सिंह, मयंक पाण्डेय एवं पवन सिन्हा सहित अन्य ।



हनुमंत (रक्षक) के रूप में नजर आए मयंक पाण्डेय

सरोकार

# शांति की तलाश

आज शांति की तलाश में हर मानव साधन और उपाय दोनों खोज रहा है, लेकिन शांति कहां छिपी हुई है, यह किसी को पता नहीं। आज शक्तिशाली बनने की होड़ में अपनों का खून बहाते लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं, कि मानव का खून मानव ही पी रहा है। आज पश्चिम एशिया में खड़ा संकट विश्व में घातक संकट को आमंत्रित कर रहा है। प्राचीनकाल में जब हिंसा बढ़ती थी, तो राक्षसों को मारा जाता था, जिसे वध का नाम दिया जाता था, लेकिन वहां निरपराध मानव का वध नहीं होता था, लेकिन आज विश्व में राक्षसों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, जहां शांति की स्थापना सम्भव हो, यह नहीं दिखता। ईरान वर्सेस इजराइल-अमेरिका के बीच जो महायुद्ध चल रहा है, उसमें विश्व का पूरा देश प्रभावित हो रहा है। मानव सहित चर-अचर प्राणी बम और गोले के धमाकों से आसमान में फैला काला बादल की चपेट में आ रहे हैं और विश्व पर्यावरण को खतरा होने के साथ-साथ जीवन को भी खतरे में डाल रहा है। विश्व का महान शक्तिशाली पुरूष बनने का सपना देखने वाला आज खुद ही लोगों की नजर में एक हत्यारा साबित हो रहा है और अमेरिका के ही लोग ट्रम्प के खिलाफ खड़े होते नजर आ रहे हैं। परमाणु सम्पन्न देश आज शांति की स्थापना नहीं बल्कि हिंसा का पर्याय बन रहे हैं। पहले जब मानव की हत्या होती थी, तो खून बहता था, लेकिन आज मानव ने ऐसे बम और हथियार तैयार कर लिए हैं, जो मानव का खून ही सोखता है और खून भी निकलने नहीं देता। मानव आज मानव नहीं बल्कि कीड़े-मकोड़े की तरह मौत के आगोश में समा रहे हैं और निर्लज लोगों को मानवता भी नहीं आती। भू-खण्ड की लालसा ने इन्हें हैवान बना दिया है और विश्व शांति के लिए खतरा बन गए हैं।

-संपादक

# हिंसा छोड़ नई दिशा, नई राह की ओर बढ़े कदम



मानव समाज का सबसे उत्कृष्ट पहलू सकारात्मक परिवर्तन है, जिससे जीवन में नवाचार और नए विचार जन्म लेते हैं। ऐसा ही बदलाव आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन में दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर उन्हें पहले प्रशिक्षित किया गया और अब कुशल होने के बाद रोजगार भी मुहैया हो रहा है। आत्मसमर्पित माओवादियों को भानुप्रतापपुर के ग्राम मुल्ला (चौगेल) के कैम्प में विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पारंगत होने के बाद प्रशासन के प्रयासों से रोजगार भी दिलाया जा रहा है। मुख्यधारा में लौटकर प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार प्रदान करने के मामले में उत्तर बस्तर कांकेर पहला जिला है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने कलेक्टर कक्ष में सुबह 04 आत्मसमर्पित माओवादी व पीड़ितों को नियुक्ति पत्र सौंपा तथा उन्हें नई शुरूआत के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इनमें पुनर्वासित सगनूराम आंचला एवं नक्सल पीड़ित रोशन नेताम, बीरसिंह मंडावी और संजय नेताम शामिल थे। इन सभी को निजी फर्म का नियुक्ति पत्र प्रदाय किया गया, जहां 15 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय और अन्य प्रकार की वित्तीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। श्री आंचला ने बताया कि शिक्षा और सही-गलत की जानकारी के अभाव में माओवादी संगठन से जुड़ गया था। उन्हांने कहा कि मनुष्य की अहमियत मुख्यधारा में जुड़ने के बाद ही पता चली। जीवन के अलग-अलग रंगों व वास्तविक खुशियों की पहचान अब जाकर हुई। श्री आंचला ने शासन-प्रशासन का आभार मानते हुए कहा कि जीने का असली मकसद अब मिला है।

इसी तरह माओवाद पीड़ित बीरसिंह मंडावी ने कहा कि ग्राम मुल्ला (चौगेल) के कैम्प में पुनर्जीवन मिला है, जहां निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें कुशल एवं पारंगत बनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद जिला प्रशासन द्वारा रोजगार भी दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर हिंसा का मार्ग छोड़ समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रशिक्षण देकर उन्हें नियोजित करने के मामले में कांकेर बस्तर संभाग का पहला जिला बन गया है। यह शासन की विशिष्ट पहल है, जिसके चलते उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने व तराशने तथा उसे नई दिशा देने की कवायद हो रही है। इस प्रकार शासन की सकारात्मक पहल का प्रत्यक्ष लाभ पुनर्वासितों व पीड़ितों को मिल रहा है।

जनसम्पर्क विभाग
छत्तीसगढ़ शासन



# उजियारा

**छत्तीसगढ़ में लगभग नक्सल नेटवर्क खत्म, अब शांति और विकास की चुनौतियां**

गृहमंत्री अमित शाह देश के ऐसे दूसरे गृहमंत्री साबित हुए, जो राष्ट्र युगों-युगों तक याद रखेगा। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए राजशाही तंत्र को खत्म किया और पूरे देश में लोकतंत्र बहाल हुआ। राजाओं के शासन का अंत, यही सच्चा लोकतंत्र था। लोकतंत्र बहाली के बाद देश में शांति की बहाली सबसे बड़ी चुनौती थी और इसमें आतंकवाद के बाद गृहयुद्ध जैसा माहौल बनाने वाले नक्सलियों का खात्मा। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की नजर जम्मू-कश्मीर की हिंसा समाप्त करने पर पड़ी और अजीत ढोभाल जैसे आईएएस अधिकारी को शांति बहाली के लिए नियुक्त किया, जिसकी रणनीति का कोई काट नहीं। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और अजीत ढोभाल ये ऐसे तीन नाम हैं, जिन्होंने देश के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य तय किया और जम्मू-कश्मीर से आतंक को खत्म करने की रणनीति बनाई। भारत ने पाकिस्तान से संचालित आतंक के गढ़ों को नेस्तनाबूत करने के लिए एयर स्ट्राइक किया और पाकिस्तान के घर में घूसकर आतंक के गढ़ को समाप्त किया। ऐसी सोच का सुखद परिणाम सामने आया और आज जम्मू-कश्मीर सहित देश से 80 प्रतिशत आतंकवाद खत्म हो गया। आतंकवाद समाप्त हो, इसके लिए सबसे पहले आतंकियों की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने के लिए नोटबंदी की और इससे यह हुआ कि नकली नोट लगभग बंद हो गए, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा था। नोटबंदी से नक्सलियों की भी कमर टूट गई, लेकिन ये महिषासूर की तरह बढ़ते ही जा रहे थे।

अमित शाह ने पूरे देश के उन राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए देश के डीजीपी अधिकारियों एवं राज्य के मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियो के साथ बैठक की और नक्सल हिंसा समाप्ति के लिए टिप्स दिए। 31 मार्च वह डेड लाईन थी, जब पूरा देश नक्सल मुक्त हो जाएगा। 31 मार्च 2026 पार हुआ, इसके पूर्व अमित शाह ने लोकसभा में नक्सल हिंसा पर चर्चा की और कहा कि यह आखिरी रास्ता है-अब जो भी हथियार उठाएगा, भस्म हो जाएगा। इधर बयान चल ही रहा था, तो दूसरी ओर बस्तर में बचे खुचे नक्सलियों ने भी सरेंडर कर दिया। जो सरेंडर किया, वे जीवन की मुख्य धारा में लौट रहे हैं, जो सरेंडर नहीं किया, वे भस्म कर दिए गए। उन्होंने भारत को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया और उंगली भी उठाई और कहा-अब जो भी हथियार उठाएगा, वह खत्म कर दिए जाएंगे।

बस्तर से केंद्रीय सुरक्षा बल एवं राज्य सुरक्षा बल के जवानों को रवाना कर दिया गया, इस चेतावनी के साथ कि अब बस्तर सहित देश में कोई भी हथियार नहीं उठाएगा और विकास में बाधा नहीं बनेगा।

नक्सलियों ने भी माना-अब हथियार से नहीं बल्कि लोकतंत्र में शामिल हो कर ही जनता की समृद्धि के लिए लड़ा जा सकता है। अब बस्तर सहित नक्सली क्षेत्र में शांति का उजियारा फैल चुका है और अब चुनौती यह रहेगी कि कोई हथियार नहीं उठाएगा, सिर्फ विकास की बात होगी, समृद्धि की बात होगी...।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# बंगाल में 294 सीट: ममता का 'चौका' या भाजपा का 'परिवर्तन'?

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए वोटिंग 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में होगी। 4 मई को नतीजे आ जायेंगे। बंगाल विधानसभा की 294 सीटों का गणित, SC/ST वोट बैंक का प्रभाव, TMC-BJP के बीच अस्तित्व की लड़ाई के बड़े मुद्दे।**

पश्चिम बंगाल में 2026 का विधानसभा चुनाव राज्य की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। कुल 294 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले इस चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला होने की उम्मीद है।

हालांकि, वामदल, कांग्रेस और हुमायूं कबीर भी अपनी उपस्थित दर्ज कराने में जुटे हैं, लेकिन अंततः मुकाबला दो-ध्रुवीय होने की ही उम्मीद है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इससे पहले 6 मई को चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी। 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को बंगाल विधानसभा चुनाव होंगे और 4 मई को सभी 294 सीटों की मतगणना एक साथ होगी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में कुल 294 सीटें हैं, जो इसे देश की सबसे बड़ी राज्य विधानसभाओं में से एक बनाती हैं।

बहुमत के लिए किसी भी दल या गठबंधन को न्यूनतम 148 सीटों की जरूरत होती है।

सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटें आरक्षित हैं।

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटें : 68

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें : 16

सामान्य सीटें : 210

**बंगाल में 23.51 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति की**


अनुसूचित जाति की आबादी पश्चिम बंगाल की कुल जनसंख्या का लगभग 23.51 प्रतिशत है, जो देश में तीसरा सबसे बड़ा अनुपात है। 9 जिलों में SC आबादी 25 प्रतिशत से अधिक। यह आबादी बंगाल की 127 विधानसभा सीटों को प्रभावित करती है।

**उत्तर बंगाल की महत्वपूर्ण भूमिका**

उत्तर बंगाल के 8 जिलों में कुल 54 विधानसभा सीटें हैं, जो राज्य की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाती हैं।

दार्जिलिंग पहाड़ी क्षेत्र में गोरखा पहचान और स्वायत्तता के मुद्दे पर चुनाव लड़े जाते हैं।

जलपाईगुड़ी और अलीपुरदुआर में चाय बागान श्रमिक और आदिवासी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।




कूचबिहार में राजबंशी समुदाय का प्रभाव है।

मालदा और मुर्शिदाबाद मुस्लिम बहुल क्षेत्र हैं।

उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर जिले कृषि आधारित अर्थव्यवस्था हैं।

चुनाव की तिथि : 23 अप्रैल और 29 अप्रैल 2026

मतगणना : 4 मई 2026

चुनाव कार्यक्रम की समाप्ति : 6 मई 2026

विधानसभा के कार्यकाल की समाप्ति : 7 मई 2026

अंतिम अधूरी मतदाता सूची का प्रकाशन : 28 फरवरी 2026 थी।

चुनाव कार्यक्रम घोषणा 15 मार्च 2026 को हुआ।

2 चरणों में वोटिंग, 4 मई को आयेंगे परिणाम

बंगाल में फिर ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस सत्ता संभालेगी या 15 साल बाद बंगाल में परिवर्तन होगा और भाजपा की सरकार बनेगी। 2021 में बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। पहले चरण का चुनाव 27 मार्च को और अंतिम चरण का चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था। टीएमसी को छोड़कर अधिकतर राजनीतिक दलों ने अधिकतम 2 चरणों में चुनाव कराने की मांग की थी।

**बंगाल चुनाव 2026 के वोटर का विवरण**

एसआईआर के पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़

मतदाता मसौदा सूची में मतदाताओं की संख्या 7,08,16,630

अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 6,44,52,609

विचाराधीन श्रेणी में मतदाताओं की संख्या 60,06,675

पुरुष मतदाताओं की संख्या 3.60 करोड़

महिला मतदाताओं की संख्या 3.44 करोड़

थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1,382

फर्स्ट टाइम वोटर 5.23 लाख

20-29 वर्ष के वोटर 1.31 करोड़

85+ के वोटर 3.79 लाख

100+के वोटर 6,653

दिव्यांग वोटर 4.16 लाख

**वर्तमान राजनीतिक स्थिति (2021 के बाद)**


| राजनीतिक दल | सीटें (2021) | वोट शेयर (%) |
|---|---|---|
| तृणमूल कांग्रेस | 215 | 48.02 |
| भारतीय जनता पार्टी | 77 | 38.13 |
| वाम मोर्चा-आईएसएफ | 1 | 4.73 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 0 | 2.94 |
| अन्य | 1 | - |
| कुल | 294 | 100 |

**2021 विधानसभा चुनाव के बाद की स्थिति :** वर्तमान में TMC को 215 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जो बहुमत के आंकड़े 148 से काफी अधिक है।

**2024 लोकसभा चुनाव का प्रभाव :** लोकसभा चुनाव 2024 में बंगाल की 42 सीटों में तृणमूल कांग्रेस ने 29, भारतीय जनता पार्टी ने 12 और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1 सीट पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के एकमात्र उम्मीदवार ईशा खान चौधरी को मालदा दक्षिण लोकसभा सीट पर जीत मिली थी। सीपीएम का खाता भी नहीं खुला। लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने सबसे ज्यादा 29 सीटें जीतीं थीं।

**2026 चुनाव : मुख्य मुद्दे**

रोजगार और आर्थिक विकास
औद्योगिक निवेश की कमी
युवाओं में बेरोजगारी
प्रवासी श्रमिकों की समस्याएं
राजनीतिक हिंसा और कानून-व्यवस्था
विपक्षी दलों द्वारा हिंसा के आरोप
सुरक्षा और महिला सुरक्षा के मुद्दे
पहचान की राजनीति
CAA (नागरिकता संशोधन अधिनियम) का कार्यान्वयन
NRC (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) का प्रस्ताव
बांग्लादेश से अवैध प्रवास
धार्मिक और जातीय ध्रुवीकरण
ग्रामीण संकट
किसानों की आय में कमी
कृषि उत्पादों के दाम
ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास
एजेंसी।



## निशा निमन्त्रण

दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

हो जाए न पथ में रात कहीं,
मंजिल भी तो है दूर नहीं
यह सोच थका दिन का पंथी भी
जल्दी-जल्दी चलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

बच्चे प्रत्याशा में होंगे,
नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के
भरता कितनी चंचलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को,
भरता उर में विह्वलता है!
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है!

**- हरिवंश राय बच्चन**

## कामायनी



हिमगिरि के उत्तुंग शिखर पर,
बैठ शिला की शीतल छाँह
एक पुरुष, भीगे नयनों से, देख
रहा था प्रलय प्रवाह।

नीचे जल था ऊपर हिम था, एक
तरल था एक सघन,
एक तत्व की ही प्रधानता, कहो
उसे जड़ या चेतन।

दूर दूर तक विस्तृत था हिम,
स्तब्ध उसी के हृदय समान,
नीरवता-सी शिला-चरण से,
टकराता फिरता पवमान।

तरूण तपस्वी-सा वह बैठा,
साधन करता सुर-श्मशान,
नीचे प्रलय सिंधु लहरों का, होता
था सकरूण अवसान।
उषा का प्राची में अभ्यास,
सरोरुह का सर बीच विकास
कौन परिचय? था क्या
सम्बन्ध?
गगन मंडल में अरुण विलास

रहे रजनी मे कहाँ मिलिन्द?
सरोवर बीच खिला अरविन्द।
कौन परिचय? था क्या
सम्बन्ध?
मधुर मधुमय मोहन मकरन्द॥

प्रफुल्लित मानस बीच सरोज,
मलय से अनिल चला कर
खोज।
कौन परिचय? था क्या
सम्बन्ध?
वही परिमल जो मिलता रोज॥

राग से अरुण घुला मकरन्द।
मिला परिमल से जो सानन्द।
वही परिचय, था वह सम्बन्ध
'प्रेम का मेरा तेरा छन्द'

**- जयशंकर प्रसाद**

## शाख़ पर एक फूल भी है

है समय प्रतिकूल माना
पर समय अनुकूल भी है।
शाख पर इक फूल भी है॥
घन तिमिर में इक दिये की
टिमटिमाहट भी बहुत है
एक सूने द्वार पर
बेजान आहट भी बहुत है
लाख भंवरें हों नदी में
पर कहीं पर कूल भी है।
शाख पर इक फूल भी है॥
विरह-पल है पर इसी में
एक मीठा गान भी है
मरुस्थलों में रेत भी है
और नखलिस्तान भी है
साथ में ठंडी हवा के
मानता हूं धूल भी है।
शाख पर इक फूल भी है॥
है परम सौभाग्य अपना
अधर पर यह प्यास तो है
है मिलन माना अनिश्चित
पर मिलन की आस तो है
प्यार इक वरदान भी है
प्यार माना भूल भी है।
शाख पर इक फूल भी है॥

# खाड़ी तनाव ने महंगा किया ड्राई फ्रूट्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पश्चिम एशिया में ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच जारी युद्ध का असर भारत के आयात-निर्यात पर भी दिख रहा है। सबसे अधिक प्रभाव सूखे मेवों के आयात और चावल के निर्यात पर पड़ा है। भारत में ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में तेज उछाल आया है। ईरान और अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स दिल्ली नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे बादाम, पिस्ता, अंजीर, हींग और खजूर जैसी चीजों की कीमतों में 25-30% तक बढ़ोतरी हो चुकी है। 19 अप्रैल से शुरू होने वाले शादी के सीजन में इनकी मांग और बढ़ने की संभावना है, जिससे आम खरीदारों की जेब पर और दबाव पड़ेगा। दिल्ली की खारी बावली मंडी के एक कारोबारी के मुताबिक, ईरान से आने वाले मामरा बादाम, पिस्ता, पिस्ता मगज, अंजीर, हींग, खजूर और बादाम की कीमतों में पहले ही 25% तक इजाफा हो चुका है। मुनक्का, खजूर, ईरानी रिंग, खुबानी और शाहजीरा में भी 10-15% की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। 19 अप्रैल से शुरू होने वाले शादी के सीजन में इनकी मांग बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतों में 10-15% और इजाफा हो सकता है। इस समय दिल्ली में बादाम 1,240 रुपए, पिस्ता 1,500 रुपए, अंजीर 1,600 रुपए और हींग 6,000 रुपए प्रति किलो बिक रही है।

**भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक**

सूखे मेवों के साथ-साथ चावल के निर्यात पर भी असर पड़ा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है और ईरान को बासमती और सेला चावल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से चावल का निर्यात 30-35% तक घट गया है। अब व्यापारी वैकल्पिक मार्गों से चावल भेजने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे भाड़ा और लागत चार गुना तक बढ़ गई है।

**छोटे निर्यातकों को भारी नुकसान**

दिल्ली ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश गुप्ता के अनुसार, अधिकांश कंटेनर यूरोप और अमेरिका जाने वाले जहाजों से भेजे जाते थे, जो अब होर्मुज स्ट्रेट से नहीं जा पा रहे। कुछ व्यापारी ओमान मार्ग से सड़क परिवहन कर रहे हैं लेकिन इससे छोटे निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। कई कंटेनर विदेश नहीं जा पा रहे, जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

व्यापारी इस युद्ध की अवधि और इसके आयात-निर्यात पर दीर्घकालिक असर को लेकर चिंतित हैं। फिलहाल, कीमतों में बढ़ोतरी और वितरण बाधाओं ने बाजार को अस्थिर कर दिया है, जिससे न केवल व्यापारी बल्कि उपभोक्ता भी महंगे ड्राई फ्रूट्स और चावल का सामना कर रहे हैं।

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, एलएनजी की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

बयान में कहा गया, ''डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है।'' यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण पश्चिम एशिया संकट वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव डाल रहा है। जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन लगभग अवरुद्ध हो जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी के परिवहन को संभालता है। पश्चिम एशिया भारत के लिए भी ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

दोनों देशों के बीच भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में भी द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता मंतुरोव और जयशंकर ने की। रूस के बयान के अनुसार, परस्पर लाभकारी व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक सहयोग का विस्तार बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल था। मंतुरोव ने कहा कि 2025 के अंत तक रूस ने भारत को उर्वरकों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत वृद्धि की है और वह आगे भी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरक, संपर्क एवं परिवहन के अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा महत्वपूर्ण खनिजों में नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उस शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत आए थे। प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों देशों ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पांच वर्षीय खाका जारी किया था और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर और मंटुरोव ने पश्चिम एशिया संघर्ष सहित क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। रूसी बयान में असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का भी उल्लेख किया गया। इसमें कहा गया कि रूस इस क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को और गहरा करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं देखता है।

# हनुमान जयंती पर काली मां बनी महिला झुलसी

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा में हनुमान जयंती कार्यक्रम के दौरान करतब दिखाते समय एक महिला आग की चपेट में आ गई। महिला को बचाने आए दो साथी भी आग में झुलस गए थे। घटना का वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला रजगामार चौकी इलाके के मेन क्लब एरिया का है। वायरल वीडियो के मुताबिक, मुंह से पेट्रोल फूंककर आग की लपट बनाकर कलाकार करतब दिखा रहे थे, इसी दौरान नीचे बैठी महिला के बाल में अचनाक आग भड़क उठी। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भिलाई रेफर किया गया है। दरअसल, हनुमान सेवा समिति की ओर से गुरुवार (2 अप्रैल) को मेन क्लब एरिया में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा था। दिन में भंडारे और पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी, बस्ती और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। वहीं, शाम को समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली जा रही थी। इस शोभायात्रा में दुर्ग से आए कलाकार करतब दिखा रहे थे। लगभग 6-7 कलाकार अलग-अलग देवी-देवताओं जैसे शंकर जी, हनुमान जी, दुर्गा माता और काली माता का रूप धारण कर प्रदर्शन कर रहे थे। करतब के दौरान कलाकार मुंह में ज्वलनशील पदार्थ लेकर आग



के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान काली मां बनी एक महिला अचानक आग की चपेट में आ गई। आग लगते ही वह खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी। उसे बचाने के प्रयास में उसके दो अन्य साथी भी आगे आए, वे भी आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत आग पर काबू पाया और तीनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

# कोरबा में एम्बुलेंस पलटी

**चालक शराब के नशे में धुत:निजी अस्पताल से लाश ले जा रही थी, चार लोग बाल-बाल बच गए**



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा में एक निजी अस्पताल से शव लेकर जा रही एम्बुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा रजगामार रोड स्थित आमाडांड गांव के पास मुख्य मार्ग पर हुआ। एम्बुलेंस कोरबा से रायगढ़ जिले के छाल जा रही थी। हादसे में वाहन में सवार चार लोग बाल-बाल बच गए, जबकि शव वाहन के अंदर ही फंसा रहा। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और वाहन के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने जेएसईबी वाहन की मदद से पलटी हुई एम्बुलेंस को सीधा किया

**एम्बुलेंस का चालक शराब के नशे में धुत था**

बताया जा रहा है कि एम्बुलेंस का चालक शराब के नशे में धुत था। तेज रफ्तार के कारण वह सड़क पर पड़ी गिट्टी को देख नहीं पाया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद तत्काल दूसरी एम्बुलेंस बुलाई गई। शव को दूसरे वाहन में स्थानांतरित किया गया। बताया गया कि हादसे के कारण शव के सिर से खून निकलने लगा था। एम्बुलेंस में सवार अन्य लोगों को भी दूसरी एम्बुलेंस में शिफ्ट कर आगे के लिए रवाना किया गया।

## गर्लफ्रेंड को परेशान करने पर जिंदा दफनाया:रायपुर में पाकिस्तानी मूल के युवक का मर्डर, सांस नली में मिट्टी फंसने से मौत, 5 अरेस्ट

**रायपुर, एजेंसी।** रायपुर में बॉयफ्रेंड ने उसकी प्रेमिका को परेशान करने वाले युवक को मारकर जिंदा जमीन में दफना दिया। लकड़ी से हमला करने पर युवक बेहोश हो गया था। आरोपी उसी हालत में युवक को माना से अभनपुर ऑटो में लेकर गए, जहां खदान में जमीन खोदकर दफना दिया। घटना के 5 दिन बाद उसकी लाश मिली थी। मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। मृतक पाकिस्तानी मूल का था, उसे भारतीय नागरिकता नहीं मिली थी। रायपुर में रहकर वह ठेकेदारी कर रहा था। पीएम रिपोर्ट में मुंह और सांस नली में मिट्टी जाने से मौत की पुष्टि हुई है। मर्डर में गर्लफ्रेंड समेत 6 आरोपी शामिल है, पुलिस ने 5 को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक को अधमरी हालत में ऑटो से 40 किलोमीटर दूर लेकर गए थे। इस बीच 4 थानों से होकर गुजरे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। शदाणी दरबार का रहने वाला नितेश बत्रा (29) ठेकेदारी करता था। आरोपी श्याम सुंदर सोनी की माना में सब्जी दुकान है। श्याम का सावित्री साहू से अफेयर था। आरोप है कि नितेश सावित्री को परेशान करता था। 16 मार्च की रात वह सावित्री के घर माना पहुंचा था। ठीक उसी टाइम श्याम भी पहुंचा और मेरी गर्लफ्रेंड को रोज परेशान करते हो बोलकर उससे झगड़ा करने लगा। बहस के बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। श्याम ने दुकान से अपने 2 कर्मचारी बुला लिए। तीनों ने मिलकर नितेश को खूब मारा।



## ढोल तासों के बीच उल्लास और उमंग के साथ जवारा कलश का विसर्जन

# विश्व कल्याण की भावना के साथ चैत्र नवरात्रि संपन्न



## नमन पाण्डेय ने जताया आभार

माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083, 19 मार्च 2026 से लेकर चैत्र शुक्ल नवमी विक्रम संवत् 2083, 27 मार्च 2026 तक नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि में विभिन्न धार्मिक आयोजनों, भोग-भंडारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर सभी धर्मानुरागियों, श्रद्धालुओं, भक्तों का अभिनंदन करते हुए आभार जताया। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पुलिस प्रशासन, सभी धार्मिक आयोजनों के अनुष्ठानों को सम्पन्न कराने वाले धर्माचारियों, विद्वान पंडितों, कार्यक्रमों के सहयोगी, सेवादारों का ह्दय से आभार जताया और कहा कि माँ सर्वमंगला देवी की छत्रछाया, कृपा विश्व कल्याण के लिए हम सब पर बनी रहे और विश्व में शांति की स्थापना हो, कोरबा, छत्तीसगढ़ समृद्धि एवं खुशहाली का नया आयाम स्थापित करे और माँ भारती का ललाट विश्व गगन पर दमकता रहे और हम अपने गौरवशाली सनातन धर्म की स्थापना के लिए सदैव निरंतर प्रयास करते रहें और इस पुण्य कर्म के लिए माँ सर्वमंगला हमें निरंतर नई ऊर्जा देती रहे।







**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

19 मार्च से 27 मार्च तक माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा में 9 दिन तक माँ आदिशक्ति के 9 रूपों की पूजा-अर्चना की गई और 9 दिन तक माँ का दरबार धार्मिक समागम के साथ सनातन एवं सांस्कृतिक, धार्मिक आस्था एवं परंपरा के संगम के रूप में लघु भारत का स्वरूप लिया हुआ था और रामनवमी को गोधूली बेला में दिव्य मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ जवारा कलशों की पूजा-अर्चना करने के बाद आह्वानित देवी-देवताओं की शांति करने के बाद जवारा विसर्जन हसदेव के पवित्र घाट में किया गया। इसके साथ माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 9 दिन की चैत्र नवरात्रि सम्पन्न हो गई।

### राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने सपरिवार जवारा कलश उठाने वाली नारीशक्ति की पूजा अर्चना की

जवारा कलश विसर्जन के लिए कलश उठाने वाली नारीशक्ति की पूजा-अर्चना मंदिर के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने सपरिवार की और बैगाओं को शांत किया। मंदिर परिसर से हसदेव घाट के बीच ढोल-ताशों की आवाज से पूरा परिसर गुंजायमान था और पवित्र हसदेव नदी में पूजा-अर्चना के बाद विश्व कल्याण की भावना लिए जवारा कलशों का विसर्जन कर दिया गया। नमन पाण्डेय ने माँ आदि शक्ति से विश्व कल्याण की कामना की और देवी स्वरूप जवारों को प्रवाहित किया।

## आदि शक्ति के नौ रूपों का दर्शन एवं पूजा करने माँ सर्वमंगला देवी के दिव्य दरबार में लगा रहा नौ दिन तक श्रद्धालुओं का तांता



19 से 27 मार्च तक वासंती नवरात्र का महाउत्सव माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में देखते ही बन रहा था। माँ आदि शक्ति के नौ रूपों की पूजा अर्चना करने नौ दिन तक श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। सभी ने शांति पूर्वक नौ दिन का माँ का दर्शन किया और पूजा की।

## अष्टमी : हवन-पूजन के साथ चैत्र वासंती नवरात्र पर विराम



चैत्र शुक्ल अष्टमी को माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा में महागौरी स्वरूपा की पूजा-अर्चना की गई और आज सुबह से देर शाम तक भक्तों की लम्बी कतारें लगी हुई थीं। आज माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक/पुजारी एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय(नन्हा महराज) सपत्नीक यजमान के रूप में बैठे और हवन-पूजन किया। विद्वान पंडितों एवं आचार्यों के सानिध्य में दिव्य मंत्रोच्चार के साथ सभी देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए सभी की पूजा-अर्चना करते हुए सभी दैदिव्यमान चर-अचर और विश्व का संचालन करने वाली शक्ति की शांति के लिए हवन-पूजन कर विधि-विधान से नवरात्रि को विराम दिया गया।

घंटों तक दिव्य मंत्रों से गूंजायमान था परिसर

हवन-पूजन के समय सभी देवी-देवताओं के आह्वान के लिए आचार्य एवं विद्वान पंडितों के श्रीमुख से दिव्य मंत्रोच्चार और शंखनाद किया गया, जिससे चारों तरफ हवन-पूजन का सात्विक धुंआ फैलता रहा और वातावरण विशुद्धता का संदेश दे रहा था। वेद-पुराणों में उल्लेखित है कि हवन के धुंआ जब आकाश में फैलता है, तो देवी-देवताओं का यही भोग होता है और देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। हवन के धुंए से पर्यावरण शुद्ध होता है और मानव सहित सभी चर-अचर प्राणियों का कल्याण होता है।

विश्व कल्याण की कामना

किसी भी आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करने विधि-विधान से हवन की रीति है। हवन के बाद ही सभी देवी-देवताओं का पूजन सम्पूर्ण होता है और देवी-देवता प्रसन्न होकर भक्तों को शुभ आशीर्वाद देते हैं। माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में 9 दिन की नवरात्रि में राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने विश्व कल्याण की कामना के साथ हवन-पूजन सम्पन्न किया और सभी के लिए शुभता का संदेश देते हुए कहा कि हे माता रानी ! विश्व का कल्याण करें और चर-अचर प्राणियों में सद्भाव का संचार हो। विश्व में शांति हो और सभी का जीवन सुलभ और सरल हो। सभी भक्तों का कल्याण हो और पाप नाशिनी माँ सर्वमंगला देवी सभी के जीवन को आलोकित करती रहें। समाज से तामसिक प्रवृत्ति का नाश हो और नारी शक्ति का सम्मान हो। सनातन धर्म की विजय हो और विश्व का कल्याण हो।

# 7750 ज्योति कलशों से जगमग रहा माँ का दरबार







कोरबा की जीवंत आदि शक्ति माँ सर्वमंगला देवी परिसर 7 हजार 750 ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से नौ दिन तक दमकता रहा। 19 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2083 को शुभ मुहूर्त में मंदिर के पुजारी/व्यवस्थापक एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) सपत्नीक ज्योति कलशों को प्रज्ज्वलित किया और अष्टमी तक माँ का दरबार ज्योति कलशों से जगमग रहा। अष्टमी को हवन पूजन के साथ नवरात्रि को विराम दिया गया और राम नवमी 27 मार्च की गोधूली बेला में जवारा कलशों की सपरिवार पूजा अर्चना करने के बाद विसर्जन के लिए निकाला गया। नन्हा महराज ने बताया कि पुराणों में ज्योति कलशों के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। उनके अनुसार ज्योति कलशों के प्रकाश पूंज से चारों लोक के देवी देवता तृप्त होते हैं और प्रकाश पूंज से चारों तरफ सत्व का प्रकाश फैलता है।



### दोपहर 12.00 बजे माँ को रोजाना छप्पन भोग समर्पित

वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ विश्व में कोई भूखा न रहे... और हे माँ ! आप हमसे जितना बनता है, यह भोग आपको समर्पित करते हैं और आशीर्वाद मांगते हैं, कि विश्व में कोई भूखा ना रहे... इन कामनाओं के साथ नमन पाण्डेय सपरिवार दोपहर 12 बजे माँ को रोजाना छप्पन भोग समर्पित किया।





रोजाना संध्या 7.00 बजे माँ को आह्वान करने के लिए महा आरती होती रही, जिसमें रोजना सैकड़ों लोग शामिल होते रहे। इस बार माँ के दरबार को माँ के पसंदीदा फूलों से अद्भूत रूप से सजाया गया था और दृश्य देखकर मन प्रफूल्लित हो रहा था।



रोजाना सुबह 05 बजे माँ का महाश्रृंगार

**सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया... की शुभकामनाएं दी नमन पाण्डेय ने और माँ से इस हेतु मांगा आशीर्वाद** | जय माई की

### देवी स्वरूपा कन्याओं को कराया गया छप्पन भोग का भोजन



हवन-पूजन के बाद देवी स्वरूपा 21 कन्याओं को छप्पन भोग का भोजन कराने के बाद राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) ने सपरिवार कन्याओं को उपहार भी दिया और देवी स्वरूपा कन्याओं का चरण पखारा एवं चरण वंदन भी किया। भारत की इस पुण्य धरा में कन्याओं को शक्ति (माँ दुर्गा) का स्वरूप माना जाता है और कन्या पूजन एवं कन्या भोज से वह पुण्य लाभ मिलता है, जितना आध्यात्मिक कार्यक्रम सम्पन्न कराने में। कन्याओं( माँ दुर्गा) का आशीर्वाद से सभी कार्य फलित होते हैं। 9 दिन की नवरात्रि इसी के साथ सम्पन्न हो गई।

# चलो बचपन की ओर: 12 अप्रैल को महिलाओं के लिए खास कार्यक्रम- बचपन की टिकिट

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय के नेतृत्व में सखी-सहेली महिला समूह द्वारा 12 अप्रैल को अशोक वाटिका के सुरम्य वादियों में महिलाओं के लिए खास कार्यक्रम होने जा रहा है। अपराह्न 4.00 बजे से अशोक वाटिका में जिले की महिलाओं के लिए बचपन की टिकिट-एक अनोखा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। यह पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक और पूर्णतः सामाजिक कार्यक्रम है और मुख्य रूप से बचपन में खेले जाने वाले खेल होगा और 18 से 25 एवं 25 से ऊपर उम्र की महिलाओं के लिए ऐसी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जो हम बचपन में खेलते थे।

प्रेस से खास संवाद कार्यक्रम में सुश्री सरोज पाण्डेय ने बताया कि जीवन की आपाधापी में महिलाओं के पास स्वयं के लिए समय नहीं बचता और इस कार्यक्रम के जरिए हम महिलाओं को बचपन की यादों में ले जाने के लिए यह खास कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं, ताकि मोबाईल से दूर कुछ घंटे सामूहिक रूप से महिलाएं अपने लिए जी सकें। यह विशुद्ध रूप से रचनात्मक और सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम है और सभी महिलाएं इसमें सादर आमंत्रित हैं। प्रतियोगिता में ऐसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसे हम बचपन में खेलते थे।

सुश्री सरोज पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं या टीम को सरप्राईज गिफ्ट दिया जाएगा और हमें आशा है कि यह महिलाओं को पसंद भी आएगा। 5 सांत्वना पुरूस्कार भी रखे गए हैं। महिलाओं का पंजीयन कल से प्रारंभ हो जाएगा।

शहर की महिलाओं को उनकी भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल निकालकर अपने बचपन को फिर से जीने का अवसर देने के उद्देश्य से एक अनोखे कार्यक्रम 'बचपन की टिकट' का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में होटल गणेश इन में आयोजित प्रेस वार्ता में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन गुप्ता तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार, भागवत विश्वकर्मा सहित महिला मोर्चा की अन्य सदस्य उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए महिलाओं के लिए उनकी पसंद का स्वादिष्ट व्यंजन भी होगा और हमारी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने का मौका भी।

## जीवन की आपाधापी में महिलाओं के पास स्वयं के लिए फूर्सत के पल नहीं, इसलिए महिलाओं के लिए खुशी के चार-पांच घंटे खास कार्यक्रम-सरोज पाण्डेय



## अशोक वाटिका में अपराह्न 4.00 बजे बचपन की टिकिट का आयोजन

## भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाओं को मिलेगा बचपन जीने का मौका - सुश्री सरोज पांडेय

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि सखी सहेली महिला समूह द्वारा आयोजित होने वाला यह विशेष कार्यक्रम 12 अप्रैल को शाम 4:00 बजे से 8:00 बजे तक अशोक वाटिका, कोरबा में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन खास तौर पर उन महिलाओं के लिए है, जो अपनी व्यस्त दिनचर्या में खुद को और अपने बचपन की खुशियों को कहीं पीछे छोड़ चुकी हैं। आज के तनावपूर्ण जीवन में महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पातीं और अधिकांश समय मोबाइल व जिम्मेदारियों में व्यतीत हो जाता है। ऐसे में 'बचपन का टिकट' एक ऐसा मंच बनेगा, जहां महिलाएं अपने बचपन के खेल, मस्ती और यादों को फिर से जी सकेंगी।

यह कार्यक्रम पूरी तरह सामाजिक और निःशुल्क रहेगा, जिसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक भागीदारी नहीं होगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि मंच केवल पुरस्कार वितरण के लिए रहेगा और सभी खेलों को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में आकर्षक पुरस्कारों के साथ-साथ पांच प्रकार के सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं।

बताया गया कि इस तरह का आयोजन इससे पहले दुर्ग में किया जा चुका है, जहां करीब 5000 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। इसी सफलता को देखते हुए अब कोरबा की महिलाओं को भी इस अनोखे अनुभव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य शहर की अधिक से अधिक महिलाओं तक यह संदेश पहुंचाना और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना रहा। 'बचपन का टिकट' — सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि खुद से मिलने का एक अवसर भी देगा।



# पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल जी एमपी सीजी इमर्जिंग अवार्ड से सम्मानित

**समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हुए सम्मानित**
**उपमुख्यमंत्री अरूण साव, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव, पूजा विधानी, जी न्युज के नेशनल हेड सहित लब्ध प्रतिष्ठित अतिथि रहे उपस्थित**

**कोरबा/बिलासपुर ( दिव्य आकाश )।**

देश के लब्ध प्रतिष्ठित न्युज चैनल जी न्युज एमपी सीजी द्वारा 25 मार्च 2026 को बिलासपुर में जी न्युज राईज-इमर्जिंग अवार्ड समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के उन समाज सेवकों एवं राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है और आज भी दे रहे हैं।

कोरबा के लब्ध प्रतिष्ठित समाज सेवी एवं समाज सेवा के जरिये कोरबा लायनवाद को विश्व शिखर पर पहुंचाने वाले एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा के माध्यम से उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षा को वनांचल क्षेत्रों तक पहुंचाने एवं ग्रामीण निर्धन बच्चों को कम फीस या निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से स्वर्णीम भविष्य देने वाले विद्यालय के डायरेक्टर तथा लायंस क्लब गुरूकुल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट रचनात्मक कार्य करने वाले क्लब के संरक्षक एवं द इंटननेशनल एसोसिएशन आफ लायंस क्लब्स एमडि 3233 के पूर्व वाईस चेयरमेन, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को कोरबा से चयनित किया गया और 25 मार्च को बिलासपुर के कोर्टयार्ड बाय मेरियट के सभागार में आयोजित भव्य समारोह में अतिथियों के हाथ जी न्युज एमपी सीजी राईज-इमर्जिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। अतिथियों उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, विधायक धरमजीत सिंह, अटल श्रीवास्तव एवं बिलासपुर महापौर श्रीमती पूजा विधानी एवं जी न्युज एमपी सीजी के नेशनल हेड मोहित सिन्हा के हाथों यह अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर जी न्युज एमपी सीजी के कोरबा ब्युरो हेड नीलम पोडवार भी उपस्थित थे।

समारोह के संचालक ने भरी सभा में पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल की समाज सेवा के क्षेत्रों में उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण दिया और उनके द्वारा कोरोना काल में किए गए सेवा कार्यों का भी उल्लेख किया। शिक्षा का अलख जगाने वाले डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने ग्रामीण क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का एक मात्र 7 स्टार रेटिंग सीबीएसई विद्यालय खोलकर ग्रामीण/निर्धन विद्यार्थियों के लिए स्वर्णीम भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने विद्यालय से निकलने वाले प्रतिभावान बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की है, ताकि मड़वारानी एवं आसपास के निर्धन ग्रामीण बच्चों की उच्च शिक्षा पर आर्थिक बाधा न आए।

## मिली 15वें वित्त आयोग की 404 करोड़ की राशि

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के आखिरी 48 घंटों में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 'मिशन मोड' में काम करते हुए राज्य के नगरीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग की 404 करोड़ 66 लाख रुपये की बड़ी राशि प्राप्त की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के विशेष प्रयास, तत्परता, कुशल मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय से विभाग ने यह राशि हासिल करने में कामयाबी पाई है।

नगरीय प्रशासन विभाग की लगातार कोशिशों से वित्तीय वर्ष खत्म होने के ठीक पहले 30 मार्च को राज्य को भारत सरकार से 15वें वित्त आयोग की 202 करोड़ 33 लाख रुपये प्राप्त हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर विभाग द्वारा सभी निकायों को तुरंत यह राशि अंतरित की गई और अगली किश्त की पात्रता के लिए तत्काल ग्रांट ट्रान्सफर सर्टिफिकेट तैयार कर त्वरित माँग प्रस्तुत किया गया।

**अखबार वितरक संघ का तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन**

# मुख्य अतिथि मंत्री देवांगन ने कहा-हर वर्ग के लिए काम कर रही भाजपा सरकार

**बाथरूम, टॉयलेट एवं बाऊंड्रीवाल के लिए 10 लाख की घोषणा**

**महापौर संजूदेवी ने कहा-हर संभव करेंगे मदद**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

29 मार्च को संध्या 5.00 बजे अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में कोरबा विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में जिले भर से सदस्य एवं ब्लाक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह सहित देश के कई राज्यों से पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। महासम्मेलन अभूतपूर्व ढंग से सफल रहा।

महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोरबा विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार सभी वर्ग के लिए काम कर रही है और देश के साथ राज्य भी आगे बढ़ रहा है। अखबार वितरक कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इस वर्ग के उत्थान के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। अखबार वितरक संघ का प्रदेश कार्यालय, वार्ड क्रमांक 15, न्यू पानी टंकी, टी पी नगर कोरबा के विकास के लिए मैं और महापौर मिलकर काम करेंगे। उन्होंने तत्काल प्रदेश कार्यालय में बाथरूम, टॉयलेट एवं बाऊंड्रीवाल के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की और कहा कि इसे यथाशीघ्र प्रारंभ भी कर दिया जाएगा। आगे और भी अन्य काम के लिए मैं या महापौर राशि स्वीकृत करेंगे। अखबार वितरक संघ की ओर से प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने केबिनेट मंत्री से मांग की और सरल, सहज मंत्री ने यह सौगात दे दी। संघ ने अपनी अन्य मांगों को लेकर केबिनेट मंत्री एवं महापौर को मांगपत्र सौंपा।

महापौर ने कहा कि केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का कार्यकाल 2 वर्ष हो रहा है और मेरा कार्यकाल अभी एक वर्ष पूर्ण हुआ है और इस अल्प कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र में 800 करोड़ से अधिक कार्यों की स्वीकृति हो चुकी है। अखबार वितरक संघ को आगे बढ़ाने हम हर संभव मदद करेंगे।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह ने भी सम्बोधित किया और अखबार वितरकों की आर्थिक पहलुओं सहित चुनौतियों के बारे में अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष पी एस चंदेल ने भी सम्बोधित किया और कहा कि अखबार वितरक भले ही नीचे तबके के हो सकते हैं, लेकिन भीख नहीं मांगेंगे, हमें अपना अधिकार चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को भी पर्याप्त रूप से मिले।

श्रम विभाग के अधिकारियों ने यहां कैम्प लगाया और छूटे हुए सदस्यों का श्रम हितग्राही कार्ड बनाए। कोरबा के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाया और यहां उपस्थित लोगों का परीक्षण भी किया और आवश्यक टीप्स दिए और दवाई का वितरण किया।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफूल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, प्रेमलता बंजारे, रामकुमार साहू, ईश्वर पटेल, कोरबा भाजपा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित बाहर से आए अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह, महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल मंचस्थ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दूसरे प्रदेश से आए पदाधिकारी पंकज भट्ट राकेश सैनी, रामश्रेष्ठ पासवान, भोला अवस्थी, भागवत नारायण चौरसिया, दिनेश उईके, विनोद पन्नासे सहित टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति से सम्मेलन की गरीमा बढ़ी और राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील पाटनकर ने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कार्यालय में रखे शिकायत बॉक्स को भी चेक किया और किसी प्रकार का शिकायत नहीं मिला और छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोरबा जिला के पदाधिकारी का किए गए कार्यकाल की प्रशंसा भी किया और संघ को 3 वर्ष आगे और बागडोर संभालने का टीम के साथ निर्णय लिया गया।

सम्मेलन में आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन करमजीत भगत ने किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक रेशम साहू, रायगढ़ जिला अध्यक्ष सुरेश भारती, बिलासपुर अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष बजरंग यादव ,जिला सचिव जयकुमार नेताम, तपेश्वर राठौर, मीडिया प्रभारी रामा, रायसिंह, अनिल गिरी, शंकर दीवान, संतराम पटेल, तुमान हरदी बाजार इकाई अध्यक्ष महेंद्र राठौर ,इकाई अध्यक्ष फैज मोहम्मद, पाली इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, कटघोरा इकाई अध्यक्ष बबलू यादव (कन्हैया), बांकीमोंगरा इकाई अध्यक्ष दीवाकर नाहक, जमनीपाली इकाई अध्यक्ष दीपक साहू, रविन्दर, राकेश साहू, विजय दास, दीलबाग, जीवन लाल चौहान, राजकुमार पटेल,दिलीप यादव, राज, कृष्ण निर्मलकर, हर्ष नेताम, बजरंग यादव, अज्जू,निखील देवांगन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। संघ के सीए प्रमेश चंदेल एवं योगेश वैश्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष गेंदलाल शुक्ला, लक्ष्मीकांत जोशी, रंजन प्रसाद, सुधीर राजपूत, हरीश तिवारी, सत्यनारायण पाल, दुर्गेश श्रीवास्तव, युधिष्ठिर राजवाड़े, दिनेश राज, भुवनेश्वर महतो, देवराज राठौर, कुश शर्मा सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे, जिन्हें मंच से सम्मानित किया गया।





## संस्कारम् टीम ने की सहभागिता



अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में संस्कारम् टीम ने भी अपनी सहभागिता निभाई। अध्यक्ष आकांक्षा चंदेल ने संस्कारम् टीम के सेवा, समर्पण एवं संस्कार शिक्षा का संक्षिप्त परिचय दिया और कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। संस्कारम् टीम को भी नगर निगम से स्वेच्छानुदान राशि देने की घोषणा महापौर ने की। इस अवसर पर संरक्षक चित्रलेखा चंदेल, सचिव नेहा अग्रवाल, उपसचिव दीपिका पुजारी, प्रियंका जायसवाल, रेणुका लदेर सारिका सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अखबार वितरक रामा को मिली नई सायकिल, खिला चेहरा



विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में पधारे राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह एवं उनकी टीम ने एक सायकिल प्रदत्त की और ऐसे अखबार वितरक को देने का एलान किया, जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर हो। सौभाग्य से यह सायकिल रामा (रामायण सिंह) को मिली और अतिथियों के हाथों यह सायकिल रामा को दी गई। सायकिल पा कर रामा का चेहरा खिल उठा और आभार व्यक्त किया। यहां उपस्थित अखबार वितरकों का भी सम्मान कर हौसला बढ़ाया गया।

## छत्तीसगढ़ में भी हो अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन- सुनील पाटनकर



सम्मेलन में महाराष्ट्र अखबार राज्य वृत्तपत्र विक्रेता संघटना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर एवं उनकी टीम भी उपस्थित हुए और कहा कि हमारे प्रयासों से महाराष्ट्र सरकार ने अखबार वितरकों के कल्याण के लिए अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन किया है और यहां के अखबार वितरकों के लिए भी अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन करने की मांग केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से की और कहा कि आपके माध्यम से हमारी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाएं और आप भी इसके लिए प्रयास करें।



# अखबार वितरक संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का जताया आभार

**प्रदेश कार्यालय की सौगात दे कर अखबार वितरकों को दिया आपने नया हौसला-रामरक्षा सिंह**



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

29 मार्च को अखबार वितरक संघ का तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन प्रदेश कार्यालय वार्ड क्र. 15, न्यु पानी टंकी टी पी नगर कोरबा में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। दूसरी पाली में समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल बाहर प्रवास के कारण उपस्थित नहीं हो पाए, लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में यह कार्यालय बना। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल कोरबा के विकास को नया आयाम दिया और इसका कोई विकल्प नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने की, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, पार्षद रवि चंदेल, पार्षद सुखसागर निमर्लकर, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे, अखबार वितरक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह, महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष पी एस चंदेल मंचस्थ थे और सभी ने अखबार वितरकों की समृद्धि के लिए काम करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आभार व्यक्त जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने किया। समापन समारोह के बाद उपस्थित संघ के सदस्यों ने एकता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन जिला इकाई एवं राष्ट्रीय स्तर से आए राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह सहित पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का आभार जताने उनके निवास स्थान पहुंचे और कार्यालय की सौगात देने पर श्री अग्रवाल का आभार जताया। रामरक्षा सिंह ने कहा -छोटी इकाई को बढ़ाने और अंतिम व्यक्ति की समृद्धि हो, ऐसी आपकी सोच अद्भूत है। हम आपके प्रति हमेशा आभारी रहेंगे। महाराष्ट्र के अध्यक्ष सुनील पाटनकर ने कहा कि आप भी प्रदेश में अखबार कल्याण मंडल का गठन करने का प्रयास अपने स्तर पर करेंगे, क्योंकि सत्ता पक्ष अपना काम करता है, जो नहीं होता, उसके लिए विपक्ष दबाव बनाता है और समन्वित प्रयास से कार्य सफल होता है। इस अवसर पर अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं जिला इकाई के पदाधिकारी उपस्थित थे। पूर्व मंत्री ने सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया।

## पश्चिम एशियाई संकट के बीच उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुटी सरकार

**रायपुर।** पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका - इज़राइल और ईरान के बीच तनाव के कारण आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच केन्द्र और राज्य सरकार ने किसानों को उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी किसानों को पारदर्शिता के साथ पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का आबंटन सुनिश्चित हो। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों की वर्चुअल बैठक लेकर राज्यों में उर्वरकों की आपूर्ति, अद्यतन स्टॉक एवं वितरण की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस वर्चुअल बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राज्य के कृषि एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

# बालको के 'उन्नति उत्सव 2026' में महिलाओं की उपलब्धियों का भव्य उत्सव

## महिला स्व सहायता समूहों के साथ 800 लोगों की रही सहभागिता

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 'उन्नति परियोजना' के अंतर्गत वार्षिक 'उन्नति उत्सव 2026' का भव्य आयोजन किया। इसमें स्व सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं सहित लगभग 800 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार तथा बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार सहित कंपनी के वरिष्ठ एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने वेदांता स्किल स्कूल, मोर जल मोर माटी, आरोग्य, उन्नति, तीरंदाजी एवं नंद घर के स्टॉल का अवलोकन किया, जहां पर बालको के सामुदायिक विकास की विस्तृत जानकारी दी जा रही थी। उत्सव में चाक की मदद से मिट्टी के बर्तन बनाने तथा कोसा सिल्क से साड़ी बुनाई का स्टॉल आंगतुकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था।

बालको के सीईओ एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा विशिष्ट अतिथि मनीषा कुमार द्वारा 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। 'कोसाकारी' ब्रांड फिल्म और वेबसाइट का भी अनावरण किया गया, जो स्थानीय कोसा सिल्क को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही महिलाओं की सफलता पर आधारित उन्नति महासंघ की पहली पत्रिका सृष्टि का







विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समावेशिता और सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन किया।

उन्नति महासंघ की सीईओ श्रीमती अनुराधा सिंह ने 'उन्नति उत्सव' की पृष्ठभूमि और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने का माध्यम है। कार्यक्रम में लाभार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक (स्किट) ने सामाजिक मुद्दों पर सशक्त संदेश दिया।

बालको लेडिज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा कुमार ने अपने संबोधन में बालको की सीएसआर पहल की सराहना करते हुए कहा कि 'उन्नति परियोजना' महिलाओं के जीवन में स्थायी परिवर्तन ला रही है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का समापन वेदांता स्किल स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान फ्लैश मॉब के साथ हुआ, जिसने महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक संदेश दिया।

प्रोजेक्ट उन्नति का उद्देश्य महिलाओं को स्व सहायता समूह में शामिल करने और उन्हें सशक्त बनाने तथा उद्यमिता और स्थायी आजीविका के निर्माण के लिए उनकी क्षमताओं और कौशल को निखारने पर केंद्रित है। 561 से अधिक एसएचजी, जिनमें 6,003 से अधिक महिलाएं शामिल हैं, जो परियोजना के विभिन्न प्रशिक्षण से लाभान्वित हो रही हैं। बालको की 'उन्नति परियोजना' इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाकर समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही है।

परियोजना का संचालन सोशल रिवाइवल ऑफ ग्रुप अर्बन रूरल एंड ट्राइबल (स्रोत) के सहयोग से किया जा रहा है।

### सीईओ राजेश कुमार ने कहा - उन्नति उत्सव महिलाओं की शक्ति, आत्म विश्वास और आत्म निर्भरता का सशक्त माध्यम

बालको के सीईओ एवं मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 'उन्नति उत्सव' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 'उन्नति परियोजना' का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय रूप से सक्षम बनाना और उन्हें अपनी अभिव्यक्ति के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करना है। यह पहल एक समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में बालको की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बालको इस परियोजना के माध्यम से लगातार प्रयासरत है ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में अपनी सशक्त पहचान बना सकें।

# बालको टाउनशिप में 'फॉरेस्ट वॉकवे' बना प्रकृति और स्वास्थ्य का नया केंद्र

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा टाउनशिप में प्रकृति से जुड़ाव को मजबूत करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित 'बालको फॉरेस्ट वॉकवे' का उद्घाटन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा मनीषा कुमार तथा बालको के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कंपनी एवं व्यावसायिक साझेदारों के कर्मचारी उपस्थित थे।

लगभग 785 मीटर लंबे इस फॉरेस्ट वॉकवे को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है कि लोग हर कदम पर प्रकृति की विविधता का अनुभव कर सकें। वॉकवे के दोनों ओर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए हैं, जो न केवल हरियाली बढ़ाते हैं बल्कि वातावरण को शुद्ध और शांत बनाते हैं। इन पेड़ों की छाया और प्राकृतिक सुंदरता वॉकवे को एक सुकून भरा अनुभव प्रदान करती है। फॉरेस्ट वॉकवे केवल एक पथ नहीं, बल्कि एक सोच है, एक ऐसा प्रयास जो टाउनशिप निवासियों को प्रकृति के करीब लाने, फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

बालको टाउनशिप में लगातार हो रहे सुधार और सौंदर्यीकरण प्रयासों के तहत यह फॉरेस्ट वॉकवे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह टाउनशिप के सकारात्मक परिवर्तन की कहानी को आगे बढ़ाती है और समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम है।

इस अवसर पर उन कर्मठ कर्मचारियों और बिज़नेस पार्टनर्स के योगदान को भी सराहा गया, जिनकी मेहनत और समर्पण से यह वॉकवे संभव हो सका। बालको प्रबंधन ने भविष्य में भी टाउनशिप में ऐसे और विकास कार्यों एवं सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे स्थानीय नागरिकों लिए एक स्वस्थ, सुंदर और समृद्ध वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।





### बालको वॉक-वे प्रकृति के साथ जुड़ने का सशक्त माध्यम-सीईओ राजेश कुमार

कंपनी के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि 'बालको फॉरेस्ट वॉकवे' केवल एक इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि कंपनी की सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम मानते हैं कि प्रकृति के साथ बिताया हर पल हमारे जीवन को बेहतर बनाता है, चाहे वह स्वास्थ्य हो, मानसिक शांति हो या पर्यावरण के प्रति जागरूकता। यह वॉकवे टाउनशिप में एक संतुलित, स्वस्थ और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बालको का जल संचय अभियान:बढ़ रहा जल स्तर, समुदाय को मिल रहा रोजगार

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व जल दिवस के अवसर पर 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के अंतर्गत तालाब पुनर्जीवित अभियान का आयोजन किया। इस पहल में 150 से अधिक कर्मचारी और स्थानीय समुदाय के लोग शामिल हुए, जिन्होंने पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण और सतत जल उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में योगदान दिया। यह पहल जल प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इन प्रयासों से अब तक 40 से अधिक गांवों में जल संरक्षण संरचनाएं विकसित और पुनर्जीवित की जा चुकी हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ी है और खेती को मजबूती मिली है। साथ ही परियोजना के तहत कुल 158 जल संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 129 खेत तालाब, 15 सामुदायिक तालाब, 12 चेक डैम और 2 लाइनिंग तालाब शामिल हैं। इनकी कुल जल संग्रहण क्षमता 2.30 लाख घन मीटर से अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में ही 22 नई संरचनाएं (21 खेत तालाब और 1 सामुदायिक तालाब) बनाई गई हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 22 हजार घन मीटर है।




### मोर जल मोर माटी से कृषि, आजीविका एवं पर्यावरण संतुलन को मिल रहा बढ़ावा- सीईओ राजेश कुमार

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि जल संरक्षण, सतत विकास और मजबूत समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। 'मोर जल मोर माटी' परियोजना के माध्यम से हम स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर जल संसाधनों को पुनर्जीवित कर रहे हैं, जिससे कृषि, आजीविका और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा मिल रहा है। हमारा उद्देश्य दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विश्व जल दिवस पर हम संकल्प लेते हैं कि हम जिम्मेदारी से पानी का उपयोग और पर्यावरण की रक्षा करते रहेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी इसका लाभ मिल सके।

इन जल संरचनाओं से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे वे अब केवल बारिश पर निर्भर नहीं हैं। किसान अब साल में कई फसलें उगा पा रहे हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे हैं। साथ ही, पशुपालन के लिए भी पानी की उपलब्धता बेहतर हुई है।

इस पहल का असर बताते हुए कोरबा के पास भाटगांव की किसान संध्या बाई ने कहा कि मैं हमेशा मछली पालन और सब्जी खेती के जरिए अपनी आय बढ़ाना चाहती थी। 'मोर जल मोर माटी' योजना के तहत खेत में तालाब बनने से मैं दोनों काम कर पा रही हूं। इससे मेरे परिवार की आय में बढ़ोतरी हुई है और अब घर की आर्थिक स्थिति सुधार हुआ है।

इस पहल से समुदाय के लोगों को आजीविका के नए अवसर भी मिले हैं। इस कार्यक्रम के तहत 80 किसानों ने मछली पालन को अतिरिक्त आय के रूप में अपनाया है। इससे उन्हें हर फसल चक्र में औसतन रू. 20 हजार की कमाई हो रही है। इससे पानी के संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है।

कंपनी के इस परियोजना से क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ा है और लंबे समय तक पानी की उपलब्धता बनी रहती है। तालाबों और जल संरचनाओं के पुनर्निर्माण से बारिश का पानी आसानी से संग्रहित होता है, जिससे पानी का बेकार बहना कम होता है। साथ ही आसपास का पर्यावरण संतुलित रहता है। कंपनी पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। साथ ही ऐसे प्रयासों से स्थानीय समुदाय के साथ कंपनी का भरोसा और संबंध भी मजबूत होता है, जो भविष्य के लिए सकारात्मक और स्थायी विकास सुनिश्चित करता है।

# बालको में महिला क्रेन पायलट की तैनाती, महिला नेतृत्व को मिला बढ़ावा

**बालकोनगर (दिव्य आकाश)।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में पहली बार महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती की गई है। यह पहल देश के सबसे उन्नत, तकनीक-संचालित स्मेल्टर क्षेत्र में महिला-प्रथम ऑपरेटिंग मॉडल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कुल 30 महिलाओं को तैनात किया गया है, जिनमें 10 बीम-रेजिंग ऑपरेटर और 20 पीटीएम पायलट शामिल हैं। यह उपलब्धि बालको के लिए एक मील का पत्थर है, जो इसके 'मिलियन टन क्लब' में प्रवेश के साथ जुड़ी हुई है।

इन महिला पायलट्स ने सिमुलेटर सत्र और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण के माध्यम से एक सख्त प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी की है। अब वे पॉट रूम के महत्वपूर्ण कार्य, जैसे एनोड बदलना, कवरिंग करना, पिघले हुए एल्यूमिनियम की टैपिंग और बीम-रेजिंग, का संचालन कर रही हैं। इससे इलेक्ट्रोलाइटिक रिडक्शन सेल्स का संचालन तय मानकों के भीतर स्थिर और निरंतर बना रहता है। साथ ही सभी पॉटलाइनों में बीम-रेजिंग गतिविधियां अब पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही हैं, जहां प्रत्येक पॉट रूम में महिला बीम-रेजिंग प्रभारी नियुक्त की गई हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम मैन्युफैक्चरिंग के काम को बेहतर बनाने के समावेशिता को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं। महिला क्रेन पायलट्स की तैनाती सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह काम करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव है। हम नई तकनीक, अच्छे प्रशिक्षण और समान अवसर प्रदान कर अपने कर्मचारियों की पूरी क्षमता को आगे ला रहे हैं। जैसे ही हम 1 मिलियन टन उत्पादन के स्तर तक पहुंच रहे हैं, यह बदलाव दिखाता है कि हम एक ऐसा कार्यस्थल बना रहे हैं जो बेहतर प्रदर्शन करने वाला, समानता वाला और भविष्य के लिए तैयार है।

पीटीएम पायलट नाज़ फातिमा ने कहा कि पीटीएम पायलट के रूप में काम करना चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी है। सबसे खास बात यह है कि कंपनी हम पर भरोसा करती है और हमारे विकास में निवेश करती है। यह गर्व की बात है कि हमारा काम सीधे बालको की प्रगति में योगदान देता है और हम औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं के लिए एक नया भविष्य बना रहे हैं।



बालको ने 2022 से ट्रांसजेंडर पेशेवरों को भी अपने संयंत्र के मुख्य कार्यों में शामिल किया, जिसकी शुरुआत फोर्कलिफ्ट ऑपरेशन और सुरक्षा सेवाओं से हुई थी। इसके बाद इसका विस्तार किया गया और जेंडर री-अफर्मेशन नीतियों के तहत 30 दिन का वेतन सहित अवकाश और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गईं। इस प्रकार बालको छत्तीसगढ़ में ट्रांसजेंडर सहयोगियों को एल्यूमिनियम संचालन में शामिल करने वाली अग्रणी औद्योगिक कंपनियों में से एक बन गया है। ये सभी पहल पारंपरिक रूप से मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों को अधिक समावेशी बनाने और भविष्य के लिए तैयार औद्योगिक कार्यबल के निर्माण की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े द्वारा मे. डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, नर्मदा कोल्ड्रिंक के पास बिलासपुर से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर कुमार राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com